# मुंबई, महाराष्ट्र में ऊंची इमारतों के निर्माण को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट सख्त

## नई गाइडलाइंस जारी करने का आदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने सभी महानगरपालिकाओं और नगर परिषदों को हाई राइज बिल्डिंगों के निर्माण में सुरक्षा उपायों से जुड़ी गाइडलाइंस को कड़ाई से लागू करने का निर्देश दिया है। राज्य के नगर विकास विभाग ने यह गाइडलाइंस कोर्ट के निर्देश के तहत 20 अगस्त 2025 को जारी की है। एक्सपर्ट कमिटी की सिफारिशों के आधार पर अर्बन डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट ने सुरक्षा के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं, जो मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण, एमएसआरडीसी सहित सभी प्लानिंग ऑथारिटी पर लागू होगी। कंस्ट्रक्शन साइट में काम करने वाले और वहां से होकर गुजरने वाले निर्दोष लोगों को अप्रिय घटना से बचाने के उद्देश्य से यह दिशा निर्देश बनाए गए हैं। बनाई गई एक्सपर्ट कमिटी की सिफारिशों को अधिसूचित कर अर्बन डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट ने अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया है। गाइडलाइंस के तहत प्लानिंग अथॉरिटी के अधिकारी बिल्डिगों के ऊंचे निमार्णों पर विशेष निगरानी रखें और निर्धारित मानदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। यदि कोई नियमों का पालन नहीं करता है, तो निर्माण कार्य को बंद करने का नोटिस जारी किया जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए। मानव जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकास अनुमतियों और आईओडी में एक शर्त के तहत सुरक्षा नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन हो। कोर्ट ने गाइडलाइंस की प्रति और एक्सपर्ट कमिटी की रिपोर्ट सभी महानगरपालिकाओं के कमिश्नर, मुख्य अधिकारी और अलग अलग प्लानिंग ऑथारिटी को भेजने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों भिवंडी में मेट्रो साइट पर लोहे की छड़ गिरने से एक युवक के घायल होने का मामला सामने आया था। इसके बाद कोर्ट ने इस मुद्दे की सुनवाई शुरू की थी।

# वोट चोरी' और भारत-पाक क्रिकेट मैच पर संजय राउत ने बीजेपी को घेरा, लगाये गंभीर आरोप

वोट चोरी' और भारत-पाक क्रिकेट मैच पर संजय राउत ने बीजेपी को घेरा, लगाये गंभीर आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चुनाव के दौरान वोट में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं. उनका आरोप है कि बीजेपी गड़बड़ी करके चुनाव जीत रही है. इसे वह 'वोट चोरी' कह रहे हैं. इस मुद्दे को लेकर इनदिनों बिहार में तेजस्वी यादव के साथ यात्रा कर रहे हैं. शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने भी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए. कहा, अब वोट चोरी का मुद्दा राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है. इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहा है.



### महाराष्ट्र में वोट कहां गए:

संजय राउत, रविवार 24 अगस्त को मुंबई में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा, ₹विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे, कांग्रेस और एनसीपी ने सवाल उठाया कि हमारे वोट कहां गए?₹ इतना ही नहीं, संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पोते एडवोकेट प्रकाश आंबेडकर ने भी यह सवाल पूछा था. वे अदालत भी गए थे. संजय राउत ने कहा, ₹महाराष्ट्र में वोट कहां गए? यह सवाल बहुत अहम है. इसका जवाब मिलना ही चाहिए. अगर देवेंद्र फडणवीस और उनकी पार्टी के लोग कह रहे हैं कि लोगों ने हमें वोट दिया, तो वे झूठ बोल रहे हैं. जावेद मियांदाद को मातोश्री किसने बुलाया थाःमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूछा था कि पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद को मातोश्री में खाने पर किसने बुलाया? इस पर जवाब देते हुए संजय राउत ने कहा, ₹देवेंद्र फडणवीस आधे पढ़े-लिखे हैं, इसके उलट पूरी भाजपा आधी पढ़ी-लिखी है. कुछ लोगों के घुटनों में दिमाग होता है, लेकिन उनके घुटनों में भी दिमाग नहीं होता. उन्हें बालासाहेब ठाकरे पर बनाई गई फिल्म देखनी चाहिए. बालासाहेब ने अपनी किताब 'एक वचन' में इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है. क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर अचानक जावेद मियांदाद को मातोश्री ले आए. वे बालासाहेब से अनुरोध करने आए थे कि वे भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध न करें. मैच फिर से शुरू करें. लेकिन, बालासाहेब ने उनके मुंह पर कहा कि आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते. जब तक कश्मीर में पाकिस्तान का खून-खराबा जारी रहेगा, भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच नहीं होने देंगे.

फास्ट ट्रैक

# आधी रात तक चलेगी मुंबई मेट्रो 2 ए और 7, हर 6 मिनट में मिलेगी ट्रेन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने गणपति उत्सव के दौरान मेट्रो को लेकर गुड न्यूज दी है। अब 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मुंबई मेट्रो की लाइन 2ए और लाइन 7 की सर्विस बढ़ाई गई हैं। जहां मुंबई मेट्रो ज्यादा फेरे लगाएगी। वहीं अब आधी रात तक इसका संचालन भी होगा। इससे गणेश उत्सव के दौरान लोगों को आनेजाने में परेशानी नहीं होगी। एमएमआरडीए ने कहा कि त्योहार के दौरान अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के मकसद से सेवाओं के परिचालन के समय को विस्तारित किया गया है।

### रात 12 बजे आखिरी मेट्रो

लाइन 2ए या यलो लाइन दहिसर (पूर्व) से अंधेरी (पश्चिम) तक संचालित होती है। वहीं लाइन 7 (रेड लाइन) दहिसर (पूर्व) और अंधेरी (पूर्व) में गुंडावली के बीच चलती है। पहले अंधेरी वेस्ट (लाइन 2अ) और गुंदावली (लाइन 7) से आखिरी ट्रेन रात 11 बजे निकलती थी। लेकिन अब, इन स्टेशनों से आखिरी ट्रेन रात 12 बजे निकलेगी।

### मुंबई मेट्रो की इस लाइन पर मिलेगा फायदा

एमएमआरडीए ने कहा कि 10 दिवसीय उत्सव के दौरान दोनों टर्मिनल स्टेशन, अंधेरी पश्चिम (लाइन 2ए) और गुंडावली (लाइन 7) से अंतिम ट्रेन रात 12 बजे रवाना होगी, जबकि सामान्य समय में अंतिम सेवा रात 11 बजे रवाना होती है। महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) सोमवार से शुक्रवार के बीच दोनों लाइन पर 317 सेवाएं संचालित करती है। वीकेंड पर यह 256 सेवाएं संचालित करती है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए, मेट्रो सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। हफ्ते के दिनों में 317 फेरे लगेंगे। यह सामान्य से 12 फेरे ज्यादा हैं। पीक आवर्स (व्यस्त समय) में हर 5 मिनट 50 सेकंड में ट्रेन मिलेगी। बाकी समय में हर 9 मिनट 30 सेकंड में ट्रेन मिलेगी। शनिवार को 256 फेरे लगेंगे और रविवार को 229 फेरे लगेंगे। इन दोनों दिनों में 12-12 फेरे ज्यादा होंगे। रविवार को हर 10 मिनट में एक ट्रेन मिलेगी। अगर जरूरत पड़ी तो और भी ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### भीड़ नियंत्रण में मिलेगी मदद

एमएमएमओसीएल की प्रबंध निदेशक रूबल अग्रवाल ने कहा कि विस्तारित सेवाओं से उन्हें त्योहारों के दौरान आने वाली भीड़ को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी।

### क्या बोले देंवेद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गणेश उत्सव महाराष्ट्र का गौरव है। मेट्रो का समय आधी रात तक बढ़ाने से भक्तों के लिए यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। वहीं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि गणपति त्योहार के दौरान, लाखों लोग शहर में घूमते हैं। यह फैसला सुनिश्चित करता है कि लोग परिवहन की चिंता किए बिना त्योहारों का आनंद ले सकें। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अमित ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि राज्य के कुछ स्कूलों और कॉलेजों ने गणेश उत्सव के दौरान परीक्षाएं निर्धारित की हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि इन 10 दिनों के दौरान सरकार अवकाश सुनिश्चित करे।

# महाराष्ट्र की बारिश और बाढ़ ने खराब की फसल तो कर्ज में दबे दुखी किसान ने की आत्महत्या

## मां की सदमे से मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में कर्ज में डूबे एक 45 वर्षीय किसान ने बारिश से फसल खराब होने के कारण आत्महत्या कर ली। बेटे की मौत का सदमा उसकी 70 वर्षीय मां सहन नहीं कर पाई और 24 घंटे के भीतर ही उसकी भी मौत हो गई।



नांदेड़ : महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक दर्दनाक घटना हुई। कर्ज में डूबा एक किसान परेशान था। यह परेशानी उसे बारिश को लेकर थी, जो उसकी फसल के लिए नुकसानदायक थी। 45 साल का यह किसान कर्ज और बारिश का बोझ सहन नहीं कर पाया। आखिर उसे आत्महत्या कर ली। किसान की आत्महत्या की खबर जब उसकी 70 साल की मां को मिली तो वह यह दुख सहन नहीं कर पाई। बेटे की मौत के 24 घंटे के अंदर ही सदमे से उनकी भी मौत हो गई। इन दो मौतों ने इलाके को हिलाकर रख दिया। कंधार के तहसीलदार रामेश्वर गोरे ने बताया कि मरने वाले किसान का नाम सूर्यकांत मंगनाले था। सूर्यकांत मंगनाले फुलवाल गांव का रहने वाला एक किसान था। उनके पास लगभग दो एकड़ की जमीन थी। यह दो एकड़ जमीन भी उसके पूर्वजों से मिली थी। रामेश्वर गोरे ने बताया कि मंगनाले ने स्थानीय क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी से 50000 रुपये का लोन लिया था। उसने सोचा था कि वह यह कर्ज अच्छी फसल से फायदा होने के बाद भरेगा। लेकिन वह भी उन किसानों में से एक था, जो नांदेड़ जिले में हाल ही में हुई भारी बारिश से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने एक सहकारी समिति से कर्ज लिया था। बारिश की वजह से उनकी फसल खराब हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि मंगनाले ने इस खरीफ सीजन में सोयाबीन की खेती की थी। लेकिन लगातार भारी बारिश से फसल खराब हो गई। अधिकारी ने बताया कि हमने इस मामले को किसान आत्महत्या के तौर पर दर्ज किया है। इसलिए, यह मामला सरकार से मुआवजे के लिए योग्य है। फुलवाल गांव में फसल को कितना नुकसान हुआ है, इसका पता लगाने के लिए पंचनामा किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि मंगनाले के परिवार में उनके पिता, पत्नी, बेटा और बेटी हैं। उनके अलावा और भी कई रिश्तेदार हैं। हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ से मराठवाड़ा के लगभग 4.4 लाख किसान प्रभावित हुए हैं। इनमें से नांदेड़ जिले के 3.2 लाख से ज्यादा किसान हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मराठवाड़ा में 3.6 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर फसल खराब हो गई है। अकेले नांदेड़ जिले में 2.6 लाख हेक्टेयर जमीन पर नुकसान हुआ है। किसान अधिकार कार्यकर्ता जयाजी सूर्यवंशी ने सरकार से तुरंत मदद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा के दावों को निपटाने में काफी समय लगता है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 4 बार बढ़ी तारीख, नवी मुंबई-पनवेल में 10 लाख वाहन वेटिंग में, अब लापरवाही की तो पड़ेगी भारी

पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। हालांकि, अब तक चार बार समय सीमा बढ़ाए जाने के बावजूद पनवेल आरटीओ क्षेत्राधिकार में वाहन चालकों ने एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने से मुंह मोड़ लिया है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पनवेलः पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। हालांकि, अब तक चार बार समय सीमा बढ़ाए जाने के बावजूद पनवेल आरटीओ क्षेत्राधिकार में वाहन चालकों ने एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने से मुंह मोड़ लिया है। अब तक लगभग 4 लाख 83 हजार वाहनों में से केवल 70 हजार 609 वाहनों ने ही नंबर प्लेट बदलवाने में रुचि दिखाई है। पनवेल आरटीओ के रिकॉर्ड के अनुसार, करीब चार लाख वाहनों की नंबर प्लेटें बदलने की उम्मीद है। ऐसे में पनवेल आरटीओ ने चेतावनी दी है कि अगर पुराने वाहनों की नंबर प्लेटें नहीं बदली गईं तो स्पीड स्क्वॉड की ओर से कार्रवाई की जाएगी। कब से जारी हुआ है आदेश ?1 अप्रैल 2019 से ाहले के वाहनों में ल्र्रफढ लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने राज्य के सभी क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को आदेश दिया है कि बिना नए नंबर प्लेट वाले वाहन मालिकों की ओर से वाहनों का पुनः पंजीकरण, वाहन संशोधन, लाइसेंस नवीनीकरण जैसी सभी गतिविधियां रोक दी जाएं। चार बार बढ़ाई जा चुकी तारीखलगाने की समय सीमा जनवरी 2025 से अलग-अलग चरणों में चार बार बढ़ाई जा चुकी है। हालांकि कई पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया गया है।

# पश्चिम रेलवे मुंबई सेन्ट्रल और भावनगर टर्मिनस के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई सेन्ट्रल और भावनगर टर्मिनस के बीच विशेष किराए पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः ट्रेन संख्या 09087/09088 मुंबई सेन्ट्रल झ्र भावनगर टर्मिनस स्पेशल [2 फेरे] ट्रेन संख्या 09087 मुंबई सेन्ट्रल - भावनगर टर्मिनस स्पेशल बुधवार, 27 अगस्त, 2025 को मुंबई सेन्ट्रल से 12:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05:45 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09088 भावनगर टर्मिनस - मुंबई सेन्ट्रल स्पेशल गुरूवार, 28 अगस्त, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 17:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:30 बजे मुंबई सेन्ट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, आणंद जं., अहमदाबाद, विरमगाम, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे। ट्रेन संख्या 09087 एवं 09088 की बुकिंग 25 अगस्त, 2025 को 15:00 बजे से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# गणपति के अवसर पर कोटा-मथुरा-कोटा के मध्य चलेगी श्री गणेश मेला स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। रेलवे में त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर भी कोटा मंडल के यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी गणपति महोत्सव के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा कोटा-मथुरा-कोटा के बीच श्री गणेश मेला सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है कोटा-मथुरा-कोटा श्री गणेश मेला सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 02081/02082, कोटा-मथुरा-कोटा श्री गणेश मेला सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन दिनांक 26 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कुल 03-03 फेरे के लिए किया जाएगा। गाड़ी संख्या 02081 (कोटा-मथुरा) कोटा स्टेशन से सुबह 08.45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 09.38 बजे इंद्रगढ़, 10.08 बजे सवाई माधोपुर, 10.58 बजे गंगापुर सिटी, 11.23 बजे श्री महावीर जी, 11.35 बजे हिंडौन, 12.05 बजे बयाना एवं 12.43 बजे भरतपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए मथुरा स्टेशन पर दोपहर 14.10 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02082 (मथुरा-कोटा) मथुरा स्टेशन से शाम 16.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 16.43 बजे भरतपुर, 17.13 बजे बयाना, 17.38 बजे हिंडौन, 17.50 बजे श्री महावीर जी, 18.30 बजे गंगापुर सिटी, 19.13 बजे सवाई माधोपुर एवं 19.42 बजे इंद्रगढ़ स्टेशनों पर ठहरते हुए कोटा स्टेशन पर रात 21.10 बजे पहुंचेगी। कोच संरचनाः इस विशेष ट्रेन में 07 शयनयान श्रेणी सहित कुल 09 डिब्बे होंगे। स्पेशल ट्रेनों के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry. indianrail. gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# मुंबई, महाराष्ट्र में ऊंची इमारतों के निर्माण को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट सख्त, नई गाइडलाइंस जारी करने का आदेश

बॉम्बे हाई कोर्ट ने ऊंची इमारतों के निर्माण के लिए सुरक्षा गाइडलाइंस जारी की हैं। ये गाइडलाइंस सभी महानगरपालिकाओं और नगर परिषदों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। हाई कोर्ट ने कहा है कि सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर सिविल और क्रिमिनल कार्रवाई होगी। प्लानिंग अथॉरिटी को निगरानी के लिए कहा गया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने सभी महानगरपालिकाओं और नगर परिषदों को हाई राइज बिल्डिंगों के निर्माण में सुरक्षा उपायों से जुड़ी गाइडलाइंस को कड़ाई से लागू करने का निर्देश दिया है। राज्य के नगर विकास विभाग ने यह गाइडलाइंस कोर्ट के निर्देश के तहत 20 अगस्त 2025 को जारी की है। एक्सपर्ट कमिटी की सिफारिशों के आधार पर अर्बन डिवेलपमेंट निर्दोष लोगों को अप्रिय घटना से बचाने के उद्देश्य से यह दिशा निर्देश बनाए गए हैं। बनाई गई एक्सपर्ट कमिटी की सिफारिशों को अधिसूचित कर अर्बन डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट ने अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया है। होगी क्रिमिनल कार्रवाईजस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने स्पष्ट किया है कि गाइड लाइन के सुरक्षा उपायों की अनदेखी बिल्डिंग परमिशन का उल्लंघन मानी जाएगी। इस स्थिति में नियम तोड़ने वाले खिलाफ सिविल और क्रिमिनल दोनों तरह की कार्रवाई की जाएगी। गाइडलाइंस के तहत प्लानिंग अथॉरिटी के अधिकारी बिल्डिगों के ऊंचे निमार्णों पर विशेष निगरानी रखें और निर्धारित मानदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। यदि कोई नियमों का पालन नहीं करता है, तो निर्माण कार्य को बंद करने का नोटिस जारी किया जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए। मानव जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकास अनुमतियों और आईओडी में एक शर्त के तहत सुरक्षा नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन हो।

# घर गिरवी रख कराया लीवर ट्रांसप्लांट, पति की मौत

## एक हफ्ते में डोनर पत्नी ने भी तोड़ा दम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : महाराष्ट्र में 15 अगस्त को एक लीडर ट्रांसप्लांट हुआ। 42 साल की पत्नी ने अपने पति को लीवर का एक हिस्सा डोनेट किया था। वह महिला हडपसर की रहने वाली थी। उसे उम्मीद थी कि उसका पति ठीक हो जाएगा। लेकिन सर्जरी के कुछ घंटों बाद ही उसके पति की मौत हो गई। महिला को पति की मौत की सूचना नहीं दी गई। हालांकि ट्रांसप्लांट के बाद उसकी हालत भी खराब हो गई और पति की मौत के एक हफ्ते बाद महिला ने भी दम तोड़ दिया। यह घटना पुणे के सह्याद्री हॉस्पिटल्स में हुई। महिला के रिश्तेदारों ने कहा कि सर्जरी से पहले महिला पूरी तरह स्वस्थ थी। एक सीनियर लीवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ ने कहा कि इस तरह से एक डोनर की मौत होना दुर्लभ मामला है। हालांकि, लाइव ऑर्गन ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया होती है। बापू बालकृष्ण कोमकर (49) एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते थे। अचानक उनके लीवर में बीमारी का पता चला और फिर सब खत्म हो गया। डॉक्टर्स ने लीवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी। डोनर की बात आई तो पत्नी कामिनी कोमकर (42) राज ही गईं। कामिनी की जांचें हुईं। वह पूरी तरह स्वस्थ्य थीं। उनका लीवर भी बापू से मैच कर गया। सब ठीक थी और फिर अचानक

पुणे के सह्याद्री अस्पताल में एक दुखद घटना घटी, जहाँ एक पत्नी ने अपने पति को लीवर डोनेट किया, लेकिन सर्जरी के कुछ घंटों बाद पति की मौत हो गई। पत्नी को यह खबर नहीं दी गई, और ट्रांसप्लांट के बाद उसकी हालत भी बिगड़ गई। पति की मौत के एक हफ्ते बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया।

कामिनी की मौत ने उनके परिवार को सदमे में ला दिया है। उनके रिश्तेदारों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अस्पताल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। अस्पताल ने इस मामले में बयान जारी किया है।

उन्होंने कहा, 'सह्याद्री हॉस्पिटल्स भारी मन से इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करता है। हाल ही में एक जटिल सर्जरी के बाद मरीजों की जान चली गई। हम पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांट सबसे जटिल प्रक्रियाओं में से एक है। इस मामले में, मरीज को कई जटिलताएं थीं। वह एक हाई-रिस्क मरीज था। प्रोटोकॉल के अनुसार, परिवार और डोनर को पहले से ही इन जोखिमों के बारे में बता दिया गया था।'

# 'राज ठाकरे हमारे दुश्मन...', प्रवासी सुजीत दुबे ने नशे में मनसे प्रमुख को सुनाई खरी खोटी, वीडियो देख भड़के कार्यकर्ता

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ नशे में धुत होकर भड़काऊ बयानबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को शनिवार को अंधेरी से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान सुजीत दुबे के रूप में हुई है और वह अंधेरी का रहने वाला है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ नशे में धुत होकर भड़काऊ बयानबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को शनिवार को अंधेरी से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान सुजीत दुबे के रूप में हुई है और वह अंधेरी का रहने वाला है। उधर, बयानबाजी से गुस्साए मनसे कार्यकताओं ने सुजीत दुबे के वाशिंग सेंटर में तोड़फोड़ की है। मुंबई के पश्चिमी उपनगर अंधेरी में रहने वाले सुजीत दुबे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुजीत ने शराब के नशे में मनसे प्रमुख को कहा कि राज ठाकरे हमारे दुश्मन हैं। जैसे ही उसका वीडियो वायरल हुआ, मनसे कार्यकर्ता आक्रामक हो गए। सुजीत दुबे महाकाली रोड स्थित सुंदर नगर इलाके में एक वाशिंग सेंटर चलाते हैं। यह केंद्र अनधिकृत है। मथाडी के मनसे कार्यकताओं ने इसमें तोड़फोड़ की।

### वाशिंग सेंटर में तोड़फोड़

मनसे कार्यकताओं ने वाशिंग सेंटर का बांस हटा दिया। तिरपाल भी हटा दिया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने जोरदार नारे लगाए। एक मनसे कार्यकर्ता ने चेतावनी दी कि हम सुजीत दुबे की तलाश कर रहे हैं। लेकिन वह अभी तक नहीं मिला है। जब वह हमें मिल जाएगा, तो हम उसे वहीं पीटेंगे। दुबे और उसका दोस्त दोनों लापता है। लेकिन मनसे कार्यकर्ता उन्हें ढूंढ निकालेंगे और सबक सिखाएंगे।

### मनसे कार्यकर्ता ने दी धमकी

एक मनसे कार्यकर्ता ने सीधे तौर पर धमकी दी कि सुजीत दुबे का वाशिंग सेंटर अनधिकृत है। अगर यह अधिकृत भी होता, तो हम इसे तोड़ देते। हमें यह भी जानकारी मिली है कि सुजीत दुबे इस सेंटर से इलाके में ड्रग्स सप्लाई करता है। पुलिस ने दुबे के पिता को हिरासत में ले लिया है। लेकिन दुबे और उसका दोस्त फरार हैं। हम उनकी तलाश कर रहे हैं। जब हम उससे मिलेंगे, तो हम उन्हें वहां मनसे का चाबुक दिखा देंगे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ की नियुक्तियों की घोषणा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव आनंद परांजपे और ठाणे जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव नजीब मुल्ला के मार्गदर्शन में तथा महाराष्ट्र प्रदेश चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ प्रमुख जितेंद्र सातव के आदेशानुसार, ठाणे और शाहपुर तालुका में चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की गई। रोहन जाधव को ठाणे अध्यक्ष और सुभाष चोखंडे को शाहपुर अध्यक्ष चुना गया। अजित पवार की विचारधारा में विश्वास करते हुए कलवा, मुंब्रा, ओवला, माजीवाड़ा, कोपरी आदि से सैकड़ों कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर रोहन जाधव को चिकित्सा प्रकोष्ठ का ठाणे शहर अध्यक्ष और डॉ. स्वप्निल पाडाले को चुना गया, प्रणय माने को महासचिव, अजय गायकवाड़ को संयुक्त सचिव, विजय करके को कलवा-मुंब्रा प्रभाग अध्यक्ष, हसनानन शमशुद्दीन शाह को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। कलवा अध्यक्ष विशाल तेलोरे, ओवला माजिवड़ा अध्यक्ष कल्पना भोईर कोपरी-पचपखाड़ी विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, मोहसिन बेग सोशल मीडिया समन्वयक, इब्राहिम शमीम खान को एम्बुलेंस संपर्क प्रमुख, सुभाष संजय चोखंडे को शाहपुर तालुका चिकित्सा सहायता सेल अध्यक्ष, सनी सोलसे को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. दीप्ति पाशते को कार्यकारी अध्यक्ष, राजेंद्र सदगीर को महासचिव, अंजलि शिवड़े को रक्तदान समन्वयक, सुनील कारवार को एम्बुलेंस सेवा समन्वयक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहन जाधव ने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से रोगियों की सेवा करते आ रहे हैं। लेकिन, अब हम अजीतदादा, सुनील तटकरे, नजीब मुल्ला और आनंद परांजपे के मार्गदर्शन में इस कार्य को और अधिक सक्रियता से करेंगे। आज जिस तरह से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, उसे देखें तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

# गणेशोत्सव पूर्व सड़कों के गड्ढे भरे जाएँ - गणेश नाईक

**जनता दरबार में 200 से ज्यादा आवेदन प्राप्त**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे ,राज्य के वन मंत्री और पालघर ज़िले के पालक मंत्री गणेश नाईक ने प्रशासन को सड़कों के गड्ढे तुरंत भरने के निर्देश दिए हैं ताकि गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। ठाणे के राम गणेश गडकरी रंगायतन में मंत्री नाईक की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों पर 200 से ज्यादा आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से ज्यादातर आवेदनों पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर कार्रवाई की गई। शेष आवेदनों पर समय पर कार्रवाई की जाएगी। ठाणे में तीसरा जनता दरबार था। नागरिकों ने नागरिक मुद्दों, प्रशासन द्वारा किए जा रहे अन्याय और विभिन्न समूहों की लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किए। पूर्व सांसद डॉ. संजीव नाइक, ठाणे भाजपा अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व अध्यक्ष संजय वाघुले, राष्ट्रवादी अजीत दादा गुट के आनंद परांजपे, ठाणे मनपा के वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी , लोक निर्माण विभाग, महावितरण, महानगर गैस, पुलिस, वन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनता दरबार में ठाणे में घोड़बंदर मार्ग और अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया गया। वाहनों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सड़कों की क्षमता पहले जितनी ही है, इसलिए सड़कें खराब हो गई हैं। मंत्री नाइक ने बताया कि घोड़बंदर मार्ग पर मेट्रो का काम चल रहा है और नई सड़कें बनाई जा रही हैं। उन्होंने मनपा, लोक निर्माण विभाग और राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को गणेशोत्सव से पहले सभी सड़कों के गड्ढे भरकर सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। शहरों में शहरीकरण और जनसंख्या के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। यातायात जाम की समस्या गंभीर हो गई है।



इसलिए, उन्होंने बताया कि सरकार एलिवेटेड रोड बनाकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। ठाणे में कुछ पुनर्विकास परियोजनाओं में लाभार्थी निवासियों को घर न मिलने की शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने मनपा के अधिकारियों को इसकी जाँच करने और संबंधित शिकायतकताओं को घर उपलब्ध कराने के आदेश दिए। कोपरी के नागरिकों ने माँग की है कि अष्टविनायक चौक के बजाय चेंदानी कोलीवाड़ा बंदरगाह पर विसर्जन की सुविधा प्रदान की जाए। मंत्री नाइक ने मनपा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विसर्जन के लिए आरसीसी पद्धति से कृत्रिम तालाबों का निर्माण इस प्रकार करें जो श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक हो और विसर्जन की पवित्रता बनाए रखे। ठाणे परिवहन कर्मचारियों ने जनता दरबार में शिकायत की कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद उनका कानूनी बकाया नहीं मिला है। इस संबंध में, मंत्री नाइक ने परिवहन सेवा प्रबंधकों से फोन पर संपर्क किया और उन्हें इस संबंध में एक बैठक आयोजित करने और इन श्रमिकों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया।

## फास्ट ट्रैक

### उल्हासनगर के परसराम झूलेलाल मंदिर के चालीहा साहब उत्सव का भव्य समापन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. उल्हासनगर क्रमांक 2 स्थित भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर का पूज्य चालीहा साहब का समापन भव्य शोभा यात्रा उत्सव के रूप में रविवार 24 अगस्त को धूमधाम से हुआ।चालीहा उत्सव विगत 16 जुलाई से प्रारंभ हुआ था। चालीहा उत्सव के दौरान मंदिरों में विशेष साज सज्जा,भजन कीर्तन, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।शाही झूलेलाल जुलूस का भव्य आयोजन मंदिर के गद्दीनशीन भाऊ लीलाराम साहेब के देख रेख हुआ।भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के महेंद्र मुलचंदानी, हीरालाल टोनी, जलराम और समस्त मूलचंदानी परिवार प्रतिवर्ष इस मेले का आयोजन करते है। संत झूलेलाल के भक्त दीपक रंगीला ने बताया कि जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति की पालकी यात्रा भी शानदार रही। 40 दिन चले चालीहा साहब में भाऊ परसराम झुलेलाल मंडली के सेवाधारी शामिल होते है। इस अवसर पर शहर के गणमान्यों, तमाम एन.जी.ओ. के पदाधिकारियों, श्रद्धालुओं ने हाजिरी देकर अपनी भक्ति-भाव का प्रदर्शन किया। इस समापन उत्सव में झांकियों, परंपरिक सिंधी छेज, सांस्कृतिक नृत्य, तथा बैंड बाजो के साथ साई झूलेलाल जी का भव्य शाही जुलूस निकला,जो मुख्य बाजारों से होते हुए हीराघाट पर समाप्त हुआ। बाजारों में दोनों तरफ से बड़े पैमाने पर श्रद्धालु कतार में खड़े दिखे जिसमें महिला और बच्चे प्रमुख रूप से शामिल थे। जय झूलेलाल के नारों और उदघोषों से उल्हासनगर गूंज उठा। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन का अच्छा बंदोबस्त रहा। सुबह में मटकी उत्सव भी का समापन हुआ

### अंबरनाथ नगर पालिका परिषद की वार्ड संरचना के मसौदे में 29 वार्ड और 59 सदस्य।

**मसौदे पर आपत्तियां 31 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. आगामी नगरपालिका चुनाव को देखते हुए अंबरनाथ नगरपालिका के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड द्वारा जारी की गई वार्ड संरचना के मसौदे में नगरपालिका परिषद क्षेत्र में 29 वार्डों और 59 सदस्यों की वार्ड संरचना घोषित की गई है।मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ द्वारा 18 अगस्त को जारी किए गए इस मसौदे पर 31 अगस्त तक सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। जनगणना 2011 के आधार पर नगरपालिका परिषद क्षेत्र में वार्डों की संरचना की गई है। राज्य चुनाव आयोग की अनुशंसा से वार्डों की संख्या और उनकी सीमाएं तय की गईं। सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करने के बाद 1 सितंबर से 8 सितंबर 2025 तक इस पर सुनवाई होगी। इस मसौदे के जारी होने के बाद तमाम राजनीतिक दलों में सरगर्मियां बढ़ गई है।

### सिंध समाज के संघर्षों और इतिहास को बयां करती पुस्तक फ्रॉम सिंध टू स्ट्रगल का विमोचन हुआ।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. सिंधी समाज के इतिहास,ऐतिहासिक गाथाओं और सिंधी भाषियों के संघर्षों को बयां करती एक विशेष पुस्तक फ्रॉम सिंध टू स्ट्रगल का विमोचन महाराष्ट्र सिंधी साहित्य के कार्याध्यक्ष महेश सुखरमानी के हाथों एक विशेष कार्यक्रम में किया गया। इस पुस्तक में भगवान झूलेलाल की कथा, भारत-पाक विभाजन के दौरान की घटनाओं को बयां करती डायरीज, शहीद हेमू कालानी की गाथा, भगत कंवर राम जी की प्रेरणा, सिंधुपति राजा दाहिरसेन और उनकी बेटियों का बलिदान आदि इस पुस्तक के मुख्य विषय है। पुस्तक का विमोचन करते हुए महेश सुखरमानी ने कहा कि यह पुस्तक एक किताब नहीं, बल्कि पूरे समाज की पहचान और गौरव की कहानी है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़े रखेगी।उक्त पुस्तक साक्षी मोटवानी, हेमा टीचर और सत्य एस.कुकरेजा ने मिलकर इस कृति को संरक्षित किया। टीम एक उड़ान, पी.वी.एफ. फिल्म्स और दर्पण चैनल सिंधी समाज को जोड़ने, जनजागृत करने और एकता का संदेश फैलाने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं इस कार्यक्रम में उल्हासनगर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया, पूर्व नगर सेवक राजू जगयासी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# ठाणे जिले के दस छात्रों को 51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**छात्रों ने व्यक्त किया सांसद नरेश म्हस्के और डॉ. अजगर मुकादम का आभार**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , ठाणे जिले में इंजीनियरिंग, मेडिकल और इसी तरह के उच्चतर कॉलेज स्तर की पढ़ाई कर रहे दस छात्रों को शिवसेना के प्रयासों से मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम के माध्यम से कम ब्याज दर पर 51 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। इन छात्रों ने आनंद आश्रम में उपस्थित होकर ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के और निगम के निदेशक डॉ. अजगर मुकादम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम महाराष्ट्र सरकार के अधीन संचालित एक महत्वपूर्ण निगम है। इस निगम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को शिक्षा, उद्योग और स्वरोजगार के लिए कम ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसके माध्यम से, सरकार समुदाय के छात्रों और युवाओं को उचित अवसर और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गठबंधन सरकार के दौरान, इस बोर्ड के लिए विशेष वित्तीय प्रावधान किया गया था। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सहयोग से, दो महीने पहले ठाणे के राबोडी में इस निगम का कार्यालय खोला गया था। उस समय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नजीब मुल्ला भी मौजूद थे। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि ठाणे और कोंकण क्षेत्र के अल्पसंख्यक छात्र और युवा इस योजना से काफी लाभान्वित हो रहे हैं और अब तक छात्रों को करोड़ों रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। शिवसेना के डॉ. अजगर मुकादम की निदेशक के रूप में नियुक्ति इस बोर्ड के कामकाज में एक महत्वपूर्ण कदम रही है। उनकी प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों से अल्पसंख्यक छात्रों की शिक्षा के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध हुई है। उनके प्रयासों को सांसद नरेश म्हस्के का प्रबल समर्थन प्राप्त है और नरेश म्हस्के के मार्गदर्शन में वे अल्पसंख्यकों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत, हाल ही में शिक्षा के लिए 51 लाख 43 हजार 600 रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। यह राशि सीधे छात्रों के खातों में जमा की गई है और उन्हें कम समय में ही इसका लाभ मिला है। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि इंजीनियरिंग, डॉक्टरेट और कॉलेज स्तर पर अध्ययनरत दस छात्रों को इस माध्यम से ऋण प्रदान किया गया है। डॉ. अजगर मुकादम ने कहा कि वे सांसद नरेश म्हस्के के मार्गदर्शन में ठाणे के अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को शिक्षा, व्यवसाय और स्वरोजगार के लिए हर महीने वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते रहेंगे। इस शिक्षा ऋण से लाभान्वित सभी बच्चों ने सांसद नरेश म्हस्के और डॉ. अजगर मुकादम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक ठाणे अभिषेक रामनाथ जाधव, ठाणे क्लर्क प्रशांत कदम, ठाणे क्लर्क हैदर शेख उपस्थित थे।

# विश्वास सामाजिक संस्था की मंगलागौरी प्रतियोगिता में उत्साहजनक उपस्थिति

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे , मंगलागौरी की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को याद करते हुए, सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। गडकरी रंगायतन में विश्वास सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित मंगलागौरी उत्सव में महिलाओं के चेहरों पर चेतना दिखाई दी। भाजपा ठाणे शहर जिला और विश्वास सामाजिक संस्था की ओर से पूर्व नगरसेवक संजय वाघुले और भाजपा नौपाड़ा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष वृषाली वाघुले के संयुक्त तत्वावधान में कल राज्य स्तरीय मंगलागौरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कांदिवली की 'कलादर्पण' ने 31 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार, ऐरोली की 'रुचिरा' ने 21 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार, चिंचपोकली की 'शिवकन्या' ने 11 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार और पनवेल की सखी मंगलागौर ग्रुप ने 5 हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार जीता। वहीं, खोपोली की ऐ गावदेवी चामुंडा देवी, रसायणी की सखी ग्रुप, दिवा की नवदुर्गा, वर्तक नगर की ओ दामिनी और नाथ नौवारी समेत कई अन्य ग्रुपों को ढाई-ढाई हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार दिए गए। 9 घंटे से अधिक समय तक चली इस रोमांचक प्रतियोगिता में राज्य भर से आई मंगलागौरी ग्रुपों ने परंपरा और आधुनिकता का मेल करते हुए नृत्य प्रस्तुत किए। कुछ ग्रुपों ने परंपरा पर जोर दिया। पारंपरिक खेलों और गीतों, नृत्यों, झिम्मा-फुगड़ी, उखाने, नए गीतों में खुद को अभिव्यक्त करते हुए महिलाओं का उत्साह विशिष्ट था। कई बार रंगारंग प्रस्तुति के बाद रंगायतन में मौजूद महिलाओं ने भी नृत्य में हिस्सा लिया।




भाजपा विधायक संजय केलकर, प्रदेश महासचिव माधवी नाइक, जिला अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व नगरसेविका नम्रता कोली, पूर्व नगरसेवक सुनील हंडोरे, जिला महासचिव समीरा भारती, मनोहर सुगदेरे और अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस उत्सव को सफल बनाने में सुनीता वाघुले, साई कारुलकर, रंजना भंडारे, कमल सावले, भक्ति मोहिते, रानी क्षीरसागर, पूजा सरोदे, शिल्पा उतेकर, मधुरा जोगलेकर, भाग्यश्री मुले, संगीता भिसे, प्रिया शुक्ला, भाजपा के नौपाड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित गोसावी, गौरव अंकोला, समीर साठे, शरीफ खान, हनीफ खान, ज्ञानेश्वर अंदुरे, राजेश जाधव, जगदीश मोहिते, महेश काले, मनोज शुक्ला ने सहयोग किया।

## दिवा और मुंब्रा क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे , अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाने के लिए, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिवा और मुंब्रा क्षेत्रों की निगरानी के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। दिवा और मुंब्रा क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण की शिकायतें अधिक हैं। आयुक्त राव ने स्पष्ट किया कि इसकी जाँच और निगरानी के लिए यह विशेष टीम गठित की जाएगी। गणेशोत्सव के दौरान अनधिकृत लेकिन आवासीय भवनों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालाँकि, उन अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी जो आधिकारिक रूप से निर्माणाधीन हैं, जहाँ कोई नहीं रहता है और जो व्यावसायिक प्रकृति के हैं। मनपा आयुक्त राव ने शनिवार को विभागाध्यक्षों की एक बैठक में मनपा क्षेत्र में इस कार्रवाई की समीक्षा की। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, परिवहन प्रबंधक भालचंद्र बेहरे, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, नगर नियोजन के सहायक निदेशक संग्राम कनाडे सहित विभागाध्यक्ष, सभी उपनगर अभियंता, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे। उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोडेपुरे ने कर्मयोगी पोर्टल, 150 दिवसीय कार्यक्रम आदि पर प्रस्तुतीकरण दिया। उपायुक्त शंकर पटोले ने अनाधिकृत निमार्णों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी दी। वहीं, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने गणेश प्रतिमा कार्यशाला एवं विसर्जन व्यवस्था की जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने अनाधिकृत निमार्णों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिसके अनुसार सभी प्रभाग समिति क्षेत्रों में कार्रवाई की जा रही है। अब तक 227 निमार्णों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है और 24 मामले दर्ज किए गए हैं। आयुक्त राव ने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया जाए।

विसर्जन व्यवस्थाओं की समीक्षा

इस बैठक में आयुक्त राव ने गणेशोत्सव के आयोजन और विसर्जन व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इस वर्ष माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, छह फुट तक ऊँची सभी मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया जाएगा। इसलिए, कृत्रिम तालाबों की संख्या बढ़ा दी गई है। साथ ही, चूँकि चल विसर्जन दलों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था की गई है और चल विसर्जन दल बड़े आवासीय परिसरों में जाएँगे, इसलिए आयुक्त राव ने नागरिकों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

## नानासाहेब इंडिसे आरपीआई एकतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

**राज्य के सभी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने की घोषणा**

ठाणे , वरिष्ठ नेता नानासाहेब इंडिसे रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया - एकतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। इस बीच, भिवंडी मनपा के पूर्व सभागृह नेता विकास निकम पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। आरपीआई एकतावादी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को ठाणे में हुई। इस बैठक में राहुल मून, डॉ. भार्गव, भैयासाहेब इंडिसे, जितेंद्र कुमार इंडिसे और देश भर से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। आरपीआई एकतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, इसलिए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष दौलतराम ने नानासाहेब इंडिसे के नाम का प्रस्ताव रखा। इसे सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। इस बीच, अहिल्यानगर अध्यक्ष गौतम विघे ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए विकास निकम के नाम का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को राज्य के कार्यकताओं ने भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इस चुनाव के बाद बोलते हुए, नानासाहेब इंडिसे ने कहा कि उन्हें संवैधानिक पद्धति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। आरपीआई एकतावादी कई वर्षों से शिव, फुले, शाहू, आंबेडकर की विचारधाराओं को जमीनी स्तर के लोगों तक पहुँचाने का काम कर रही है। अब पार्टी संविधान की लड़ाई लड़ेगी। ईवीएम और पैनल पद्धति लोकतंत्र के लिए घातक हैं। लोकतंत्र में मतदाता को यह समझना चाहिए कि उसका वोट कहाँ गया, हालाँकि, ऐसा नहीं हो रहा है। पैनल पद्धति को लागू करके, संविधान द्वारा दिए गए एक चुनाव, एक वोट के सिद्धांत का उल्लंघन करके सत्ता पक्ष अपनी रोटी सेक रहा है, इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं। आरपीआई एकतावादी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। सभी जगहों पर उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे। नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष विकास निकम ने कहा कि आरपीआई एकतावादी समान विचारधारा वाले दलों के साथ-साथ अपने दम पर भी चुनाव लड़ेगी।

# ठाणे में 'वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला मशाल मार्च

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे (प्रतिनिधि) वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुलज गांधी ने ठोस सबूतों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हुए घोटालों को उजागर किया है। 'वोट चोरी' और इसमें चुनाव आयोग और भाजपा की कथित भूमिका के विरोध में शनिवार को ठाणे शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी द्वारा एक मशाल मार्च का आयोजन किया गया था। यह मार्च ठाणे कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय से शुरू हुआ और मार्केट रोड होते हुए ठाणे स्टेशन स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न हुआ। मार्च में भाग लेने वाले पदाधिकारियों ने 'गली गली में शोर है, मोदी सरकार चोर है' और 'वोट चोर गद्दी छोड़' जैसे नारे लगाए। यह मशाल मार्च शहर अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत चव्हाण के नेतृत्व में निकाला गया। इस समय बोलते हुए, चव्हाण ने कहा कि यह चुनाव आयोग प्रणाली का दुरुपयोग करके भारतीय जनता पार्टी द्वारा रची गई एक राजनीतिक साजिश है और यह लोकतंत्र पर हमला है। लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मतदाताओं को सम्मान और न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस मार्च में ठाणे कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले के साथ जेबी यादव, भालचंद्र महादिक, अनीस कुरैशी, महेंद्र म्हात्रे, हिंदूराव गालवे, निशिकांत कोली, रवि कोली, स्मिता वैती, शिरीष घरात, अजिंक्य भोईर, संगीता कोटल, विनीत तिवारी, आशीष गिरी, राजू शेट्टी, नीलेश पाटिल, अंजनी सिंह, जयेश परमार, सुरेश भोईर समेत अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।



# हीरानंदानी एस्टेट दो वार्डों में विभाजित करने पर पूर्व नगर सेवक मनोहर डुंबरे की आपत्ति

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , मनपा की वार्ड संरचना में हीरानंदानी एस्टेट को दो वार्डों में विभाजित किया गया है, और 'हीरानंदानी रोड्स' की 18 इमारतों को वार्ड क्रमांक 1 में रखा गया है, जबकि शेष 116 इमारतों को वार्ड क्रमांक 2 में रखा गया है। भाजपा के पूर्व नगर सेवक मनोहर डुंबरे ने इस संरचना पर आपत्ति जताई है। 2017 में मनपा की वार्ड संरचना में, हीरानंदानी रोड्स परिसर की इमारतों को भी वार्ड क्रमांक 1 में रखा गया था। इस कारण इस परिसर के निवासियों के मतदान केंद्र दो से तीन किलोमीटर दूर थे। इस कारण मतदान प्रतिशत में कमी आई थी। भौगोलिक दृष्टि से, इन इमारतों को हीरानंदानी परिसर से जोड़ा गया है। पूर्व नगरसेवक मनोहर डुंबरे ने मांग की है कि पूरे हीरानंदानी परिसर को वार्ड क्रमांक 2 में शामिल किया जाए ताकि इस वार्ड में नागरिक सुविधाओं का एक साथ विकास हो सके। इस संबंध में नागरिकों की ओर से भी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।

# बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला ने रामगंगा में लगाई छलांग

**जलालाबाद में मछुआरों ने बचाया, एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती कराया**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

शाहजहांपुर, कोलाघाट पर एक बुजुर्ग महिला ने रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। मछली पकड़ने वालों ने तुरंत नदी में कूदकर महिला को बचा लिया। महिला की पहचान जय देवी (70) के रूप में हुई। वह ग्राम ढाका, तालुका उजेरा जलालाबाद की रहने वाली हैं। जय देवी कुष्ठ रोग जैसी एलर्जी से पीड़ित हैं। उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बेटे हैं, जो बाहर नौकरी करते हैं।




आय का कोई साधन न होने और बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। मछुआरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया। उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल को जांच के लिए भेजा। जांच में पता चला कि महिला के दोनों बेटे बाहर नौकरी करते हैं। प्रशासन ने बेटों को सूचना भेज दी है। सरकारी स्तर पर महिला का इलाज कराया जा रहा है।

# विकास प्राधिकरण ऑफिस का उद्घाटन

**नक्शा पास कराने से लेकर टैक्सेशन तक होगा ऑनलाइन, मंत्री सुरेश खन्ना बोले-काम होगा आसान**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

शाहजहांपुर, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विकास प्राधिकरण कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने परिसर में हरिशंकरी का पौधा लगाया। वित्तमंत्री ने कहा कि शाहजहांपुर के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में शाहजहांपुर को नगर निगम का दर्जा मिला था। अब दूसरे कार्यकाल में विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है। खन्ना ने कहा कि प्राधिकरण में सभी कार्य ऑनलाइन होंगे। नक्शा पास कराने से लेकर अन्य प्रक्रियाओं के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। विकास प्राधिकरण के पास विशेषज्ञ टीम होगी। आर्किटेक्चर और प्लानिंग के क्षेत्र में बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश द्विवेदी मौजूद रहे।



नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र ने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ बाल्मीकि, चौक मंडल अध्यक्ष वैभव खन्ना समेत वरिष्ठ नागरिक और नगर निगम के पार्षद उपस्थित थे।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

